प्रेस नोट थाना सदर बाजार
जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य 23.04.2025

थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा डायल 112 को अपनी मोटरसाईकिल लूटे जाने की झूठी सूचना देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के कुशल नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम के क्रम मे थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा यूपी 112 (डायल 112) पर मोटरसाईकिल लूट की झूठी सूचना देने वाले बाबूराम पुत्र रामसहाय निवासी पैना सुन्दर नगर थाना सिंधौली जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण :-

दिनांक 21/04/2025 को रात्रि 09.00 बजे बाबूराम पुत्र रामसहाय निवासी पैना सुन्दर नगर थाना सिधौली जनपद शाहजहाँपुर द्वारा यूपी 112 पर सूचना दी गयी कि उसकी मोटरसाईकिल अज्ञात व्यक्ति द्वारा लूट ली गयी। थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की गयी तो पाया गया कि दिनांक 21.04.2025 को बाबू राम उपरोक्त घरेलू सामान लाने हेतु अपनी मोटरसाईकिल UP27AX9340 से चिनौर आया था जहां शराब के नशे मे चिनौर निवासी प्रेमपाल पुत्र रामसरन की मोटर साईकिल मे पीछे से टक्कर मार दी जिससे प्रेमपाल व उसके भाई नन्हेलाल को चोटें आयी। चूंकि दोनो पक्ष एक दूसरे को पहचानते थे इस कारण बाबूराम उपरोक्त की मोटरसाईकिल नशे मे होने के कारण प्रेमपाल उपरोक्त द्वारा रखवा ली गयी थी। जिसके बाद समय करीब रात्रि 09.00 बजे बाबू राम उपरोक्त ने यूपी 112 को सूचना दी कि मेरी मोटरसाईकिल नम्बर UP27AX9340 अज्ञात लोगों द्वारा लूट ली गयी। दिनांक 22.04.2025 को प्रेमपाल द्वारा बाबूराम उपरोक्त की मोटरसाईकिल से हुये एक्सीडेंट के सम्बन्ध मे लिखित तहरीर दी गयी कि मोटरसाईकिल सं0 UP27AX9340 का चालक मोटरसाईकिल छोड़कर भाग गया था। इस सूचना पर आज दिनांक 23.04.2025 को दोनो पक्षों को चौकी कैंट बुलाया गया तथा वार्ता की जा रही थी कि बाबूराम उपरोक्त द्वितीय पक्ष पर आमदा फौजदारी हो गया, समझाने का काफी प्रयास किया परन्तु और उत्तेजित होने लगा। शांति व्यवस्था के द्रष्टिगत गिरफ्तारी के अलावा और कोई चारा नहीं था फलस्वरूप बाबूराम उपरोक्त को समय करीब 13.45 बजे चौकी कैंट पर अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त :-

बाबू राम पुत्र रामसहाय निवासी पैना सुन्दर नगर थाना सिधौली जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 46 वर्ष

गिरफ्तारी स्थान व समय :-

दिनांक 23.04.2025 को समय करीब 13.45 बजे चौकी कैंट से

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अरविन्द सिंह चौहान थाना सदर बाजार जिला शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 रणजीत बहादुर सिंह
3. का0 उज्जवल चौधरी